सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/25/2020-राजभाषा दिनांक : 26.06.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान द्वारा माननीय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासन।

संदर्भ : संस्थान का संसदीय राजभाषा निरीक्षण, दिनांक – 27.02.2023।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2023 को जोधपुर में संस्थान का राजभाषा विषयक निरीक्षण किया गया था जिसमें संस्थान की ओर से समिति को निम्नलिखित आश्वासन दिए गए थे:

1. कार्यालय में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में किया जाएगा।
2. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में दिए जाएंगे।
3. हिंदी पत्राचार के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा।
4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन नियमित तीन महीने के अंतराल पर किया जाएगा।
5. कार्यालय द्वारा भविष्य में हिंदी में विज्ञापन को प्राथमिकता देते हुए विवरण प्रारूप के अनुसार भाषावार एवं क्षेत्रवार दिया जाएगा।
6. कार्यालय प्रमुख द्वारा फाइलों में टिप्पणियाँ लक्ष्यानुसार हिंदी में लिखी जाएँगी।
7. कार्यालय एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा पत्राचार लक्ष्यानुसार हिंदी में किया जाएगा।

विदित हो कि संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन संस्थान के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का संवैधानिक दायित्व है। अत: सभी विभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों से पुन: अनुरोध है कि माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2023 को संस्थान के राजभाषा विषयक निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों की पूर्ति की दिशा में सघन प्रयास करें। साथ ही, राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन द्वारा संस्थान में राजभाषा हिंदी के प्रसार में यथासंभव सहयोग करें।

जय शंकर 26/06/2023

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि-

1. निदेशक कार्यालय
2. संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/ अनुभागाध्यक्ष
3. निजी सहायक, प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी
4. प्रभारी, एआईटीजी- कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. सूचना पट्ट
6. संबंधित फाइल